an>

Title: Need to open a Girls' college in Gangapur city, Rajasthan.

श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया (टोंक -सवाई माधोपुर): महोदया, मैं अपने संसदीय क्षेत्र सवाई माधोपुर सिटी में रेलवे विभाग द्वारा वर्ष 1924 से संचालित स्कूल की तरफ आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने भी इसमें शिक्षा प्राप्त की थी। सात वर्ष की आयु में उनके माता-पिता का देहांत हो गया था। उनके मामा जी श्री राधा रमण शुक्ल जी ने उनका पालन-पोषण किया था और वे राजस्थान में गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन पर गार्ड के पद पर कार्यरत थे और पंडित दीनदयाल जी ने वर्ष 1924 में अपनी प्रारंभिक शिक्षा यही से ग्रहण की थी। वर्तमान में यह सीबीएससी बोर्ड द्वारा रेलवे विभाग का एकमात्र हिंदी माध्यमिक विद्यालय है जो कि कोटा मंडल के अंतर्गत आता है। इस विद्यालय में अधिकांश दलित, निर्धन एवं अल्पसंख्यकों के करीब 374 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं परंतु पश्चिमी मध्य रेलवे प्रशासन के दिनांक 15.04.2016 के आदेशानुसार इस विद्यालय को इसी वर्ष बंद करने का आदेश दिया गया है। इस विषय पर विभिन्न सामाजिक संगठनों में काफी आक्रोश है क्योंकि वहां के 374 बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो गया है।

मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि माननीय रेल मंत्री जी, माननीय शिक्षा मंत्री जी इस स्कूल को चालू रखें। मैं आपके माध्यम से यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि गंगापुर सिटी में करीब दो लाख की आबादी है, वहां कालेज की भी जरूरत है इसलिए वहां एक कन्या महाविद्यालय खोला जाए।

माननीय अध्यक्ष:

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल को श्री सुखबीर सिंह जौनपुरिया द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।